# कार्यालय प्राचार्य शासकीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय बालाघाट (म0प्र0)

Phone/Fax 07632 242443 www.gpcbalaghat.ac.in email gpcbgt@gmail.com


क्रमांक/शापोमबा/विक./विभअ/2452 बालाघाट, दिनांक 20/07/2024

## विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के आरक्षित पदों की पूर्ति भर्ती हेतु विज्ञापन

आयुक्त, संचालनालय तकनीकी शिक्षा म.प्र .भोपाल का पत्र क्रमांक/स्था/3/बी 741/2024/भोपाल, दिनांक 10.06.2024 एवं पत्र क्र./3/ स्था/डी/2024/939 दिनांक 18.07.2024 के अनुपालन में दिव्यांगजनो हेतु चिन्हित रिक्त पदो की पूर्ति हेतु पात्र उम्मीद्वार निर्धारित तिथी एवं समय पर महाविद्यालय मे वॉक इन इंटरव्यू हेतु आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन का प्रारूप शासकीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय बालाघाट की वेबसाईट www.gpcbalaghat.ac.in के Notice Board Menu पर भी उपलब्ध है या संलग्न क्यू आर कोड( QR Code) को स्केन कर सकते हैं। रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता एवं वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | पदनाम व वेतनमान | पद की श्रेणी | दिव्यांगजन के लिये आरक्षित श्रेणी का विवरण | कुल रिक्त पद | निर्धारित योग्यता | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **लाइब्रेरी(ग्रंथालय) लिपिक** 5200-20200 +2100 (7वें वेतनमान में लेवल -5) 22100-70000 | तृतीय श्रेणी | ऑटिज्म बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी एवं बहुविकलांगता | 01 | (अ) मान्यता प्राप्त संस्था से विज्ञान संकाय में स्नातक (ब) मान्यता प्राप्त संस्था से पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण | दिनांक **09/08/2024** को समय दोप **12:30** बजे तक | दिनांक **09/08/2024** को समय दोप. 1:30 बजे से |

अन्य शर्ते:-

1. नि:शक्तजन की परिभाषा शासन द्वारा इस सम्बंध में समय-समय पर जारी निर्देश के अनुरुप होगी।
2. आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
3. न्यूनतम 40% नि:शक्तता का डिजीटल प्रमाण पत्र सम्बंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।
4. आवेदक को सम्बंधित पद के लिये आवेदन करने हेतु अधीक्षक, भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, विकलांगों हेतु व्यावसायिक पुनर्वास केंद्र नेपियर टाउन, जबलपुर से **विकलांगता सह उपयुक्तता प्रमाण पत्र** जारी करवाकर आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
5. सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक सी 3-11/12/1/3 भोपाल दिनांक 03 नवम्बर 2012 के अनुसार दिनांक 01/01/2024 की स्थिति में आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होना आनिवार्य है। आरक्षित वर्ग एवं नि:शक्तजन के उम्मीद्वारो को नियमानुसार 05 वर्ष की छूट का प्रावधान है।
6. आवेदक को मध्यप्रदेश में किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
7. शासकीय विभाग में कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते है।
8. म.प्र .शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के ज्ञाप क्र./03/2019/03/01 दिनांक 12/12/2019 के अनुसार 03 वर्ष की परिवीक्षा पर प्रथम वर्ष वेतनमान का 70%, द्वीतीय वर्ष वेतनमान का 80%, तृतीय वर्ष वेतनमान का 90% राशि स्टायफंड के रुप में देय होगी।
9. आरक्षित वर्ग के आवेदक को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया डिजीटल जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
10. कोई भी उम्मीद्वार जिसने विवाह के लिये निर्धारित की गई न्यूनतम आयु सीमा से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
11. जिस आवेदक की 02 से अधिक जीवित संतान है, उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उसके बाद हुआ हो, तब ऐसा आवेदक नियुक्ति हेतु अपात्र होगा।
12. समस्त प्रमाण पत्र की प्रतियां सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित अथवा स्वप्रमाणित कर 01 सेट में आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। प्रमाण पत्रों के अभाव में आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा तथा पासपोर्ट आकार की 02 नवीनतम फोटो अनिवार्य रुप से प्रस्तुत करने होंगे।
13. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **09/08/2024** है। आवेदन कार्यालय में मय दस्तावेजो सहित नियत तिथि तक समय **दोप. 12:30** बजे तक डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा करना अनिवार्य है।
14. वॉक-इन-इंटरव्यू के समय सभी प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।
15. पूर्व में जारी किये गये नि:शक्तजन प्रमाण पत्र का परीक्षण सम्बंधित जिले के मेडिकल बोर्ड से कराने के उपरांत ही चयनित उम्मीद्वार को नियुक्ति दिये जाने की कार्यवाही की जायेगी।
16. नियुक्ति से सम्बंधित सभी अधिकार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, बालाघाट के पास सुरक्षित होंगे।

20/7/24

प्राचार्य,
शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय,
बालाघाट (म.प्र.)

## //आवेदन का प्रारुप //

नवीनतम फोटो यहां चिपकाये

प्रति,

प्राचार्य,
शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय,
जागपुर घाट रोड, गायखुरी,
बालाघाट (म.प्र.) 481001

1. आवेदित पद का नाम ..........
2. आवेदक का पूरा नाम ..........
3. पिता/पति का नाम उपनाम सहित ..........
4. जन्मतिथि (प्रमाण पत्र संलग्न करे) ..........
5. आधार कार्ड नम्बर ..........
6. पेन कार्ड नम्बर ..........
7. वर्तमान निवास का पता पिन कोड सहित ..........
8. स्थायी निवास का पूर्ण पता व मोबाईल नं. ..........
9. जाति एवं उपजाति ..........
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किये गये प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करे)
10. निःशक्तजन का प्रकार ..........
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किये गये प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करे)
11. रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन क्रमांक ..........
12. रोजगार कार्यालय का नाम तथा स्थान ..........
13. यदि आवेदक विवाहित है, तो विवाह की तारीख ..........
14. जीवित संतान का विवरण :- ..........
15. शैक्षिणिक योग्यता (प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करे)

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | वर्ष | विषय | पूर्णांक/प्राप्तांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

16. अतिरिक्त विशेष तकनीकी योग्यता/अनुभव ..........
17. संलग्न प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियों की सूची

01. .......... 06. ..........
02. .......... 07. ..........
03. .......... 08. ..........
04. .......... 09. ..........
05. .......... 10. ..........

मै प्रमाणित करता/करती हू, कि उपरोक्त जानकारी मेरे द्वारा दी गई है वह पूर्णत सत्य है। जानकारी असत्य पाये जाने की दशा में मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

दिनांक
स्थान

आवेदक के हस्ताक्षर ..........
एवं पूरा नाम ..........